C M Y K

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 53 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - शुक्रवार, 08 अगस्त 2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

## सीएम शर्मा का कांग्रेस पर तंज जिन लोगों ने देश को आज़ादी के समय विभाजित किया, वे आज भी पाकिस्तान की भाषा बोल रहे हैं

### तिरंगे की छांव में भाजपा का नया जनजागरण: सेना के शौर्य से जनसेवा तक जुड़ने की पहल

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर**

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता की गूंज अब देशभक्ति के जनअभियान में बदल चुकी है। इसी क्रम में राजस्थान भाजपा ने ÷हर घर तिरंगा÷ अभियान की शुरुआत करते हुए प्रदेशभर में जनजागरण की नई लहर शुरू कर दी है। इस अभियान के माध्यम से पार्टी केवल तिरंगा नहीं फहराएगी, बल्कि जनता के दिलों में राष्ट्रगौरव, सेवा और संवाद की भावना भी जगाएगी।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जयपुर में आयोजित प्रदेश स्तरीय कार्यशाला में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि ÷प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय सेना ने जो पराक्रम दिखाया है, वह आज दुनिया भर में चर्चा का विषय है। देश के नागरिक आज खुद को पहले से ज्यादा गौरवान्वित और सुरक्षित महसूस कर रहे हैं।÷

#### तिरंगा अभियान नहीं, राष्ट्रभावना की रचना है ये यात्रा

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि 'हर घर तिरंगा' केवल एक प्रतीकात्मक अभियान नहीं है, बल्कि यह राष्ट्रभक्ति को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प है। उन्होंने कहा कि ÷ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद देश में जो विजयोत्सव मनाया गया, वह साबित करता है कि हर भारतीय के दिल में सेना के लिए गर्व और श्रद्धा है। उसी भावना को आगे बढ़ाते हुए भाजपा ने यह अभियान शुरू किया है

#### 10 लाख घरों पर फहराएंगे तिरंगा, शहीदों को मिलेगा सम्मान

राजस्थान भाजपा ने इस अभियान के तहत 15 अगस्त तक 10 लाख घरों पर तिरंगा फहराने का लक्ष्य रखा है। केवल झंडा फहराना ही नहीं, बल्कि शहीद स्मारकों की सफाई, श्रद्धांजलि सभाएं और शहीद परिवारों का सम्मान भी इस अभियान का हिस्सा होगा। मुख्यालय पर आयोजित कार्यशाला में मध्य प्रदेश भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने भी हिस्सा लिया और अभियान की रणनीति पर कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन दिया।




#### कांग्रेस पर सीधा वार, विपक्ष की भाषा पर उठे सवाल

भजनलाल शर्मा ने इस अवसर पर कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा, जिन लोगों ने देश को आज़ादी के समय विभाजित किया, वे आज भी पाकिस्तान की भाषा बोल रहे हैं। यह देश विरोधी मानसिकता का परिचायक है। मैं ईश्वर से कामना करता हूं कि ऐसे लोगों को सद्बुद्धि दे।

#### संवाद, सेवा और समर्पण: कार्यकर्ताओं के लिए सुनहरा अवसर

मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा के ऐसे अभियान संगठन के हर कार्यकर्ता को अपने क्षेत्र की जनता से जुड़ने का मौका देते हैं। ÷चाहे बूथ स्तर हो या जिला स्तर हर कार्यकर्ता अगर इन कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागिता निभाता है, तो न केवल संगठन मजबूत होता है, बल्कि जनता का विश्वास भी बढ़ता है।

#### नकारात्मकता के खिलाफ सकारात्मक संवाद की मुहिम

मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि यह अभियान सिर्फ तिरंगा यात्रा नहीं, बल्कि विपक्ष द्वारा फैलाए जा रहे नकारात्मक विमर्श का भी जवाब है। ÷हर घर तिरंगा और विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस जैसे आयोजन हमें न केवल इतिहास की सच्चाई याद दिलाते हैं, बल्कि जनता के बीच वास्तविक राष्ट्रवाद का संदेश भी पहुंचाते हैं।

## तेज रफ्तार ट्रेलर ने रौंदा: राखी से लौट रही महिला की मौत, बहन-जीजा घायल





**भीलवाड़ा फोकस @ मांडल**

रायसिंहपुरा के खेड़ा गांव के पास गुरुवार शाम तेज रफ्तार ट्रेलर की चपेट में आने से एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसकी बहन और जीजा गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतका मंजू बैरवा, निवासी सूरजपुरा बनेड़ा, राखी बांधकर बहन प्रेम और जीजा महावीर के साथ पुर लौट रही थी। रास्ते में तीनों सड़क किनारे पानी पीने के लिए रुके थे, तभी पीछे से आए ट्रेलर ने टक्कर मार दी।

सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और घायलों को महात्मा गांधी अस्पताल पहुंचाया, जहां दोनों की हालत नाजुक है। पुलिस ने ट्रेलर जब्त कर चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।पुलिस मामले की जांच में जुटी है

## भगवानपुरा में अवैध कब्जों पर गाज, 18 पट्टे रद्द

**भीलवाड़ा फोकस @ मांडल**

भगवानपुरा ग्राम पंचायत में अवैध रूप से जारी पट्टों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए जिला कलेक्टर ने 18 पट्टे निरस्त कर दिए। इनमें पूर्व सरपंच गणपत सिंह चुंडावत के कार्यकाल में जारी किए गए पट्टे शामिल हैं। इससे पूर्व 2021 में भी 7 पट्टे रद्द किए गए थे। अब तक कुल 25 पट्टे रद्द हुए है ।

आरोप है कि पूर्व सरपंच ने ग्राम की आबादी भूमि पर गैरकानूनी तरीके से पट्टे जारी कर राजस्थान पंचायती राज अधिनियम 1994 के प्रावधानों का उल्लंघन किया। इस पर हाईकोर्ट ने भी गंभीरता जताते हुए तत्कालीन कलेक्टर से जवाब तलब किया था। कलेक्टर के नए आदेश के बाद पंचायत ने रद्द किए गए पट्टों की भूमि पर कब्जा हटाने और वापस लेने की कार्रवाई शुरू कर दी है। पंचायत के प्रस्ताव के अनुसार, अवैध कब्जों पर जल्द ही बुलडोजर चल सकता है।

## 72 घंटे में बूंदी पुलिस ने सुलझाई डाबी के सोनू हाड़ा हत्याकांड की गुत्थी

### प्रेम-प्रसंग में दी गई थी एक लाख की सुपारी, चार आरोपी गिरफ्तार







**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया/डाबी**

डाबी थाना क्षेत्र के पराना इलाके में हुए युवक सोनू हाड़ा की नृशंस हत्या के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने 72 घंटे में हत्या की पूरी साजिश का खुलासा करते हुए चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। वारदात को प्रेम-प्रसंग से उपजे विवाद के चलते अंजाम दिया गया था, जिसमें कोटा से बुलाए गए सुपारी किलर्स ने चाकुओं से गोदकर युवक की हत्या की।

गुरुवार को पुलिस ने चारों आरोपियों – आकाश उर्फ गोल्डी डीसीएम रोड, बॉम्बे योजना, थाना उद्योगनगर, कोटा , आशिष उर्फ आशु राठौर बॉम्बे योजना, थाना उद्योगनगर, कोटा , अनिल मीणा बॉम्बे योजना, थाना उद्योगनगर, कोटा एवं अरमान मोहम्मद – बुधपुरा, थाना डाबी, बूंदी को गिरफ्तार कर डाबी कस्बे में परेड करवाई, जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पुलिस ने चारों को न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया है। हत्या की साजिश, योजना, सुपारी और सबूतों के आधार पर शीघ्र ही कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की जाएगी।

#### पुरानी रंजिश और प्रेम-प्रसंग बना हत्या का कारण

पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र मीणा ने बताया कि अरमान मोहम्मद निवासी बुधपुरा का मृतक सोनू हाड़ा की पत्नी से प्रेम संबंध था। इसे लेकर अरमान और सोनू के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। इसी रंजिश के चलते अरमान ने अपने कोटा निवासी तीन दोस्तों से सोनू की हत्या करवाने की योजना बनाई।

हत्या की सुपारी एक लाख रुपये में तय हुई थी, जिसमें 50 हजार एडवांस दिए गए और शेष वारदात के बाद देने तय हुए।

#### पार्टी के बहाने सुनसान में बुलाया, गला रेतकर की गई हत्या

4 अगस्त की रात अरमान ने सोनू को अपने दोस्त की बर्थडे पार्टी का बहाना बनाकर सुनसान पराना इलाके में बुलाया। सोनू बाइक से वहां पहुंचा। वहां पहले से मौजूद आकाश और आशिष ने उस पर ताबड़तोड़ चाकू से हमला कर दिया। विरोध करने पर अरमान ने भी चाकू से वार कर उसका गला रेत दिया। हत्या के बाद आरोपी दो मोटरसाइकिलों पर सवार होकर भाग निकले। हत्या के बाद चारों ने गोपालपुरा घाटी के पास एक होटल में पार्टी की, ताकि किसी को शक न हो।

#### घटना के बाद हाईवे पर शव रखकर किया था प्रदर्शन

मृतक सोनू सिंह (27), निवासी गरनारा, थाना नमाना, कई वर्षों से डाबी में किराए पर रहकर श्री देव धर्म कांटा पर कार्यरत था। 4 अगस्त की रात वह किसी कॉल पर बाहर गया और फिर लौटा नहीं। अगली सुबह उसका शव चाकुओं के गहरे घावों के साथ मिला। इससे आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने नेशनल हाईवे-27 पर शव रखकर प्रदर्शन किया और करीब चार घंटे तक



जाम लगाए रखा। बाद में पुलिस और प्रशासन की समझाइश के बाद जाम हटाया गया।

#### तकनीकी साक्ष्य, मोबाइल डेटा और टीमवर्क से खुला राज

पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र मीणा के निर्देशन में नमाना थानाधिकारी धर्माराम, तालेड़ा थानाधिकारी अजीत बगडोलिया और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमा शर्मा, डिप्टी हेमंत गौतम के नेतृत्व में विशेष टीमों का गठन किया गया। सीसीटीवी, कॉल डिटेल, मोबाइल लोकेशन, डॉग स्क्वॉड और फॉरेंसिक विश्लेषण से चारों आरोपियों की पहचान कर उन्हें अलग-अलग जगहों से गिरफ्तार किया गया।

## सोपुरा गांव में घर में घुसे चोर, महिला से 2 लाख के आभूषण लूटे, चाकू से किया हमला



**भीलवाड़ा फोकस @ बीगोद**

थाना क्षेत्र के गेगा का खेड़ा ग्राम पंचायत के सोपुरा गांव में बुधवार रात अज्ञात चोरों ने एक घर में घुसकर महिला के साथ लूटपाट की वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने घर के बरामदे में सो रही महिला के गले से सोने के आभूषण लूट लिए और विरोध करने पर उसके चेहरे पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। घटना के बाद सवाईपुर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

जानकारी के अनुसार, सोपुरा निवासी हीरालाल बलाई के घर बुधवार रात करीब दो बजे दो चोर दीवार फांदकर अंदर घुसे। बरामदे में हीरालाल की पत्नी सायरी देवी (60) अन्य परिजनों के साथ सो रही थीं। चोरों ने सायरी देवी के गले से तीन सोने के मादलिये, चार सोने के मोती और एक रामनवमी जबरन लूटने का प्रयास किया। आभूषण काटते समय महिला की नींद खुल गई और उसने विरोध किया, जिससे छीना-झपटी शुरू हो गई। चोरों ने सायरी देवी के गाल पर चाकू से वार कर दिया, जिससे वह घायल हो गई।

शोर सुनकर परिवार के अन्य सदस्य जागे, लेकिन तब तक चोर अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गए। भागने के दौरान एक मादलिया और चाकू



मौके पर गिर गया, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है। परिजनों के चिल्लाने पर आसपास के ग्रामीण भी मौके पर पहुंचे और काफी देर तक चोरों की तलाश की, लेकिन सफलता नहीं मिली।

सूचना पर बड़लियास थाना व सवाईपुर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और सीसीटीवी फुटेज खंगालकर जांच शुरू की है। घटना को लेकर ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। उन्होंने बताया कि गांव में आए दिन चोरियां हो रही हैं लेकिन पुलिस की रात्रि गश्त कमजोर होने के चलते चोरों में कोई डर नहीं है।

गौरतलब है कि सात दिन पूर्व गांव के ही शंकर पुत्र उदा गुर्जर के घर भी चोरी की घटना हुई थी, जिसमें घर में सो रही बच्ची के गले से चोर मादलिया काटकर ले गए ही । हालांकि परिजनों ने इसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई थी।

## कोटड़ी पुलिस की कार्रवाईः अवैध बजरी खनन के दो फरार वाहन मालिक गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी**



( दिनेश पारीक ) । अवैध बजरी खनन और परिवहन के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो फरार ट्रैक्टर मालिकों को गिरफ्तार किया है। इन ट्रैक्टरों से बजरी का अवैध परिवहन किया जा रहा था, जिन्हें पूर्व में जब्त कर लिया गया था। थानाधिकारी महावीर प्रसाद मीणा ने बताया कि बीती 10 जुलाई और 2 अगस्त को गश्त के दौरान सातोला कोठरी नदी क्षेत्र से दो ट्रैक्टर-ट्रॉली बजरी का अवैध परिवहन करते हुए पकड़ी गई थीं। मौके से चालक प्रकाश कालबेलिया निवासी सिन्दरी का बालाजी थाना सुभाषनगर, एवं दुर्गालाल कीर निवासी कोदुकोटा थाना सदर को गिरफ्तार कर प्रकरण दर्ज किया गया था। वहीं, वाहन मालिकों को नामजद कर तलाश शुरू की गई थी। जिस पर फरार आरोपी ट्रैक्टर मालिक राधेश्याम जाट, निवासी चोयलों का खेड़ा, थाना भोली एवं लोकेश प्रजापत, निवासी भवानीनगर, थाना भीमगंज को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है ।

## 5 हज़ार का इनामी हिस्ट्रीशीटर 'किंगसा' गिरफ्तार, चाकूबाजी के मामले में था फरार

**भीलवाड़ा फोकस @ मंगरोप**



थाना पुलिस ने ?5 हज़ार के इनामी एक वांछित हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी कुछ समय पूर्व मारपीट और चाकूबाजी की एक गंभीर वारदात में लिप्त था और घटना के बाद से ही फरार चल रहा था।

पुलिस के अनुसार, 26 जून को मंगरोप निवासी राहुल खटीक ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि आरोपी श्रीराम उर्फ रवि दमामी उर्फ किंगसा, निवासी गहलोतो का मोहल्ला, मंगरोप, ने उसे रास्ते में रोककर पहले मारपीट की और फिर चाकू से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। मामले में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी को वांछित घोषित किया था।

इस वारदात के बाद आरोपी की गिरफ्तारी के लिए ?5 हज़ार का इनाम घोषित किया गया था। वह पहले से ही कई आपराधिक मामलों में लिप्त रहा है और क्षेत्र में कुख्यात हिस्ट्रीशीटर के रूप में जाना जाता है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे रिमांड पर भेजा गया। पूछताछ के दौरान अन्य मामलों की भी जानकारी सामने आने की संभावना है।

## चोरी की जांच करने गई पुलिस टीम पर हमला, आरोपी गिरफ्तार



**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**

शहर के उदयभान गेट क्षेत्र में चोरी के कबाड़ की जांच करने गई पुलिस टीम पर गोदाम संचालक ने हमला कर दिया। घटना के दौरान डिप्टी ओमप्रकाश विश्नोई की गिरेबान पकड़ ली गई, जिससे मौके पर भारी हंगामा हो गया। मुख्य आरोपी देबीलाल कोली को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया है। डिप्टी विश्नोई ने बताया कि चोरी की वारदातों के चलते जिले में कबाड़ गोदामों की सघन जांच की जा रही है। प्रतापपुरा रोड स्थित गोदाम से तीन कारें, ट्रैक्टर, थ्रेशर, वॉशिंग मशीन, स्कूटी, स्टील के बर्तन व अन्य संदिग्ध कबाड़ मिला। संचालक नाथूलाल कोई वैध दस्तावेज नहीं दिखा सका, जिसे नोटिस जारी किया गया। दूसरे गोदाम पर देबीलाल पुलिस से गाली-गलौच और हाथापाई पर उतर आया। पुलिस ने स्थिति संभालते हुए देबीलाल के अलावा सत्यनारायण कोली व भोला उर्फ लोकेश कोली को भी गिरफ्तार किया है। डिप्टी ने चेतावनी दी कि कबाड़ की आड़ में गैरकानूनी गतिविधियों में लिप्त लोगों पर सख्त कार्रवाई होगी। पुलिस टीम में दीवान महेन्द्र, सब्बीर, बनवारी, रवि व राजेन्द्र मीणा शामिल रहे।

# भारत अब अपनी शर्तों पर दुनिया से करता है बात – डॉ. सतीश पूनिया

### भीलवाड़ा में बोले मोदी नेतृत्व में भारत आत्मनिर्भर, हर वैश्विक चुनौती का डटकर सामना करने को तैयार






**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

**बृजेश शर्मा**

भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं हरियाणा प्रभारी डॉ. सतीश पूनिया ने गुरुवार को भीलवाड़ा प्रवास के दौरान कहा कि आज का भारत आत्मनिर्भर है और किसी भी परिस्थिति से निपटने की ताकत रखता है। अमेरिका द्वारा टैरिफ बढ़ाने के फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा– अब भारत की मिट्टी और हुकूमत में इतनी ताकत है कि वह हर वैश्विक चुनौती का डटकर सामना कर सकता है।

पूनिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने अपनी शर्तों पर काम करना शुरू कर दिया है और आज 70 से अधिक देशों को हथियारों की आपूर्ति कर रहा है। उन्होंने स्पष्ट कहा– भारत अब पहले जैसा नहीं रहा। हमारी विदेश नीति मजबूत हुई है और भारत वैश्विक मंच पर अपनी उपस्थिति को मजबूती से दर्ज करवा रहा है।

**धनखड़ इस्तीफे और विपक्ष पर निशाना**

पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के इस्तीफे पर पूछे गए सवाल पर पूनिया ने कहा कि भाजपा सर्व समाज को साथ लेकर चलने वाली पार्टी है। वहीं चुनाव आयोग को लेकर विपक्ष के आरोपों पर उन्होंने पलटवार करते हुए कहा कि भयमुक्त चुनावों के लिए एक सशक्त आयोग जरूरी है, लेकिन कांग्रेस इसका विरोध कर रही है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि भजनलाल सरकार जनभावनाओं के अनुरूप काम कर रही है और कांग्रेस को उस पर सवाल उठाने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है।

**"मैं जहां हूं, वहां खुश हूं"**

अपने राजनीतिक भविष्य को लेकर पूछे गए सवाल पर पूनिया ने साफ कहा– मैं पार्टी का अनुशासित कार्यकर्ता हूं, जब तक जीवित हूं विचार परिवार के लिए काम करता रहूंगा। मेरी कोई व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा या डिमांड नहीं है।

भव्य स्वागत और कुमुदलता जी के दर्शन

डॉ. सतीश पूनिया के एक दिवसीय भीलवाड़ा दौरे पर कार्यकर्ताओं ने सर्किट हाउस में उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान जिला प्रमुख बरजी देवी भील, पूर्व मंत्री कालूलाल गुर्जर, पूर्व जिलाध्यक्ष लादूलाल तेली, उपजिला प्रमुख शंकर गुर्जर, जिला महामंत्री भगवती प्रसाद जोशी, जिला उपाध्यक्ष प्रहलाद त्रिपाठी, प्रवक्ता अंकुर बोरदिया सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। प्रवास के दौरान पूनिया ने सुभाष नगर स्थित जैन स्थानक में पहुंचकर महासाध्वी कुमुदलता जी के दर्शन किए। इसके बाद उन्होंने पूर्व सभापति दिनेश शर्मा के निवास पर जाकर उनकी माताजी के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

# कोटड़ी में ऐतिहासिक जलझूलन महोत्सव का आगाज़ 24 अगस्त से, 4 सितम्बर तक धार्मिक व सांस्कृतिक आयोजनों की धूम

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी**

**राजेन्द्र 'बबलू' पोखरना, ।**

मेवाड़ के प्रसिद्ध तीर्थ कोटडी स्थित श्री चारभुजा नाथ मंदिर में इस वर्ष का विशाल जलझूलन महोत्सव भव्य आयोजन के साथ 24 अगस्त से शुरू होगा। महोत्सव का समापन 4 सितम्बर को भगवान के निजधाम में पुनः विराजमान होने के साथ होगा। धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक विरासत और जनसहभागिता से ओतप्रोत इस आयोजन के लिए तैयारियां जोरों पर हैं। मंदिर ट्रस्ट के साथ कई सामाजिक संगठन आयोजन को ऐतिहासिक बनाने में जुटे हैं।

इस बार मेले की विशेष बात यह है कि कोटडी आने वाले पदयात्रियों का स्वागत मार्गों पर भव्य लंगर व स्वागत द्वार से किया जाएगा। कोटडी सहित आसपास के क्षेत्र में महोत्सव की भव्यता को लेकर खासा उत्साह है। कोटडी कस्बा इन दिनों मेले की तैयारी में रम गया है। ट्रस्ट द्वारा ज़िम्मेदारियाँ बांटे जाने से युवाओं में खासा उत्साह है। वॉटरप्रूफ टेंट, रंग-बिरंगी रोशनी, और भव्य झांकियों की तैयारी की जा रही है। श्रद्धालुओं की सुविधाओं हेतु स्वागत समिति, सुरक्षा, चिकित्सा, जल व बिजली की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जा रही है।

### जलझूलन महोत्सव 2025 की प्रमुख तिथियाँ और कार्यक्रम-

24 अगस्त - रक्तदान शिविर से महोत्सव का शुभारंभ

सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक श्री चारभुजा मंदिर ट्रस्ट एवं सहयोग सेवार्थ फाउंडेशन के तत्वावधान में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन।

### 27 अगस्त - गणेश चतुर्थी विशेष

• सुबह 8 बजे से गणेश पूजन, अभिषेक, हवन, व 108 गणपति अथर्वशीर्ष पाठ।

• दोपहर 3 बजे गणेश जी की विशाल शोभायात्रा व मंशापूर्ण बजरंग व्यायामशाला जावद (म.प्र.) द्वारा अखाड़ा प्रदर्शन।

### 28 अगस्त - हनुमान चालीसा पाठ

सुबह 8 बजे से 108 बार हनुमान चालीसा का पाठ व प्रसाद वितरण।

### 29 अगस्त - भादवी छठ पर कांवड़ यात्रा व बगड़ावत कार्यक्रम

• दोपहर 12 बजे कोटड़ी से कांवड़ यात्रियों का त्रिवेणी प्रस्थान।

• दोपहर 2 बजे बीगोद से दूसरी कांवड़ यात्रा प्रारंभ।



• रात्रि 8 बजे खायड़ा के बद्रीलाल गाडरी एण्ड पार्टी द्वारा देवनारायण बगड़ावत कार्यक्रम।

### 30 अगस्त - कांवड़ यात्रा प्रवेश व सुंदरकांड

• सुबह 9 बजे कांवड़ यात्रियों का भव्य नगर प्रवेश।

• शाम को चारभुजा मंदिर में सामूहिक आरती।

• रात्रि 8 बजे उत्तरमुखी बालाजी मंडल द्वारा सांगीतमय सुंदरकांड पाठ।

### 31 अगस्त - राधाष्टमी उत्सव

• राधा जी पूजन, हवन व भगवान श्री चारभुजानाथ का अभिषेक।

• दोपहर में विशाल छप्पन भोग व भजन।

• रात्रि 8 बजे स्थानीय विद्यालयों के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम।

### 1 सितम्बर - विराट कवि सम्मेलन

• रात्रि 8 बजे से

कवि- शशिकांत यादव, दिनेश देशी घी, भुवन मोहिनी, मोहित शौर्य, गोविंद राठी, ओम आदर्श आदि।

### 2 सितम्बर - तेजा दशमी विशेष भजन संध्या

• रात्रि में छोटू सिंह रावणा व गोकुल शर्मा द्वारा भजन प्रस्तुति।

### 3 सितम्बर - जलझूलन एकादशी

• भगवान श्री चारभुजानाथ का अभिषेक, आरती व प्रसाद वितरण।

• दोपहर 3 बजे भगवान की रत्नजड़ित रेवाड़ी में शोभायात्रा।

• धर्माऊ तालाब पर भव्य जलझूलन, रात्रि भर भक्तों के कंधों पर विराजमान रहेंगे।

### 4 सितम्बर - वामन जयंती व समापन

• सुबह 9 बजे भगवान श्री चारभुजानाथ पुनः निजधाम में विराजमान होंगे।

• इसके साथ ही महोत्सव का समापन होगा।



QUICK BITES

## तिलस्वां महादेव मंदिर में श्रावण मास की पूर्णाहुति, भक्ति भाव से गूंजा शिवधाम

भीलवाड़ा फोकस @ तिलस्वा



श्रावण मास के पावन अवसर पर गुरुवार को तिलस्वां महादेव मंदिर परिसर में विधि-विधानपूर्वक श्रावण मास की पूर्णाहुति संपन्न की गई। शिवभक्ति और श्रद्धा से ओतप्रोत माहौल में आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान में क्षेत्रभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता निभाई।

कार्यक्रम की शुरुआत हवन-पूजन से हुई, जिसमें वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान शिव का आह्वान कर लोककल्याण की कामना की गई। इसके बाद भव्य महाआरती और प्रसादी स्वरूप भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने पुण्य लाभ प्राप्त किया।

मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष रमेश चन्द्र अहीर और सचिव मांगी लाल धाकड़ के नेतृत्व में यह आयोजन सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हुआ। मुख्य आचार्य छीतर गौड़, आचार्य राकेश शर्मा और मुकेश व्यास द्वारा पूजन एवं हवन क्रियाएं संपन्न करवाई गईं। इस अवसर पर महंत पूर्णशंकर पाराशर, गोपाल सिंह, मथुरा लाल गुर्जर, ऊपरमाल किसान पंचायत अध्यक्ष नारायण धाकड़, सचिव गोपाल धाकड़, शंकर धाकड़, सुगन धाकड़, गोपी धाकड़, बद्री लोहार, सूरजमल भील, भेरूलाल बैरवा, सौदान गुर्जर, चुनीलाल अहीर, सुरेश गोपाल, मुकेश सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## विधायक डॉ. बैरवा ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात, शाहपुरा को पुनः जिला बनाए जाने की रखी मांग

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा



स्थानीय विधायक डॉ. लालाराम बैरवा ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मुलाकात कर शाहपुरा को पुनः जिला बनाए जाने की मांग रखी। उन्होंने कहा कि पूर्व सरकार द्वारा घोषित शाहपुरा जिले को समाप्त किए जाने के बाद क्षेत्र की जनभावनाएं आहत हुई हैं, ऐसे में नए सिरे से सीमांकन कर शाहपुरा को पुनः जिला घोषित किया जाए। इस पर मुख्यमंत्री ने सकारात्मक रुख दिखाते हुए शीघ्र निर्णय का आश्वासन दिया। विधायक बैरवा ने मुख्यमंत्री के समक्ष डीएमएफटी फंड के तहत जीसी-12 के कार्यों की वित्तीय स्वीकृति शीघ्र जारी करने का भी अनुरोध किया, जिस पर भी सकारात्मक जवाब मिला। उन्होंने बजट घोषणाओं की प्रगति, विधानसभा क्षेत्र की विकास योजनाओं तथा सांगानेर से भीलवाड़ा तक प्रस्तावित हाईवे को जल्द बनाने की मांग भी मुख्यमंत्री के समक्ष रखी।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है।

क्या आपके पास है –
- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# बारिश में दरकने लगा बिजौलिया का ऐतिहासिक छोटा दरवाजा, बड़ा हादसा होने की आशंका





भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया

कस्बे की ऐतिहासिक धरोहरों में शामिल छोटा दरवाजा इन दिनों बदहाल स्थिति में है। बीते दिनों हुई बारिश के बाद इसकी छत की पट्टियों में गहरी दरारें पड़ गई हैं, वहीं एक पिलर बुरी तरह क्षतिग्रस्त होकर ढहने की कगार पर है। स्थानीय लोगों ने चेताया है कि यदि समय रहते मरम्मत कार्य शुरू नहीं हुआ, तो यहां कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

यह दरवाजा न केवल शहर के इतिहास का गवाह है, बल्कि शहरकोट से अस्पताल, केसरगंज और अन्य प्रमुख मोहल्लों को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग भी है। यही नहीं, दरवाजे के मध्य अष्टभुजाधारी भगवान गणेश का प्राचीन मंदिर भी श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है। प्रतिदिन सैकड़ों लोग यहां दर्शन करने पहुंचते हैं, वहीं महिलाओं द्वारा नियमित रूप से भजन-कीर्तन भी आयोजित किए जाते हैं।

स्थानीय नागरिक परमेश्वर शर्मा ने बताया कि आने वाले दिनों में जन्माष्टमी और गणेश चतुर्थी जैसे



पर्वों के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ इसी रास्ते से गुजरेगी। ऐसे में यदि छत की दरकती पट्टियां अचानक गिर गईं, तो जानमाल का बड़ा नुकसान हो सकता है।

### इनका कहना है

÷छोटा दरवाजा की जर्जर स्थिति को देखते हुए नगरपालिका ईओ को मौके का निरीक्षण कर शीघ्र मरम्मत कार्य शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोपरि है।÷

— अजीत सिंह राठौड़, उपखंड अधिकारी, बिजौलिया

# काछोला तहसील को मिला पहला तहसीलदार, भाजपा कार्यकर्ताओं ने जताया विधायक खंडेलवाल का आभार

भीलवाड़ा फोकस @ काछोला

**विक्रम सिंह ।** राजस्व विभाग द्वारा जारी 266 तहसीलदारों के तबादला आदेशों में काछोला तहसील को उसका प्रथम तहसीलदार मिल गया है। शैतान सिंह मीणा, जो वर्तमान में देवली टोंक में पदस्थापित थे, अब काछोला के प्रथम तहसीलदार होंगे। इस नियुक्ति से क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है।

हाल ही में राजस्थान सरकार के राज्य बजट में काछोला को उपतहसील से तहसील में क्रमोन्नत किया गया था। इसके बाद से ही क्षेत्रवासियों को तहसीलदार की नियुक्ति का इंतजार था। अब जब नियुक्ति हो गई है तो क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं और नेताओं ने



मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल का आभार जताया और मुंह मीठा कर खुशी जाहिर की।

भाजपा नेता संदीप सोनी ने कहा कि विधायक खंडेलवाल की सक्रियता और प्रयासों के चलते यह संभव हो पाया। वहीं पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि हरीश चौधरी ने बताया कि पूर्ववर्ती सरकार द्वारा शाहपुरा को जिला बनाते समय मांडलगढ़ क्षेत्र की आठ ग्राम पंचायतों को जहाजपुर उपखंड में जोड़ दिया गया था। विधायक गोपाल खंडेलवाल के प्रयासों से भाजपा सरकार बनने के बाद पुन ÷ ग्राम पंचायतों के कई विभाग मांडलगढ़ में वापस जोड़ दिए गए हैं, लेकिन राजस्व विभाग अभी शेष है, जिसे जल्द ही मांडलगढ़ उपखंड अधिकारी के अधीन कर दिया जाएगा।

गौरतलब है कि विधायक खंडेलवाल ने हाल ही में काछोला में आयोजित अपने जन्मदिवस समारोह के अवसर पर कार्यकर्ता स्नेह मिलन में यह वादा किया था कि जल्द ही काछोला को तहसीलदार मिलेगा और आठों ग्राम पंचायतों को मांडलगढ़ उपखंड में जोड़ा जाएगा। अब यह वादा पूरा होता दिख रहा है।

इस मौके पर भाजपा नेता संदीप सोनी, हरीश चौधरी थल, जीएसएस अध्यक्ष लादू लाल धाकड़, ज्वाला प्रसाद बारेठ, सोजी गुर्जर राजगढ़, सत्यनारायण वैष्णव सहित कई भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# माण्डलगढ़ में हर्षोल्लास से मनाया जाएगा स्वतंत्रता दिवस समारोह

## उपखण्ड अधिकारी ने तैयारियों को लेकर ली बैठक, दिए दिशा-निर्देश

भीलवाड़ा फोकस @ माण्डलगढ़

स्वतंत्रता दिवस को लेकर गुरुवार को उपखण्ड अधिकारी मनमोहन शर्मा की अध्यक्षता में ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। उन्होंने सभी विभागों को समारोह को सफल बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और सामाजिक संगठनों से सहयोग का आह्वान किया। मुख्य समारोह प्रतिवर्ष की भांति राजकीय महाराणा उच्च माध्यमिक विद्यालय में होगा, जिसकी साफ-सफाई व व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी नगरपालिका को दी गई है। ग्राम पंचायतों में आयोजन का दायित्व ग्राम विकास अधिकारियों को सौंपा गया। इस दौरान सभी सरकारी व गैर-सरकारी भवनों पर ध्वजारोहण, इलेक्ट्रिक डेकोरेशन व देशभक्ति गीत-भजन होंगे। 2 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा, रंगोली प्रतियोगिता, स्वच्छता अभियान आदि कार्यक्रम भी होंगे।

### 14 अगस्त को दुर्ग पर सांस्कृतिक संध्या

14 अगस्त की शाम माण्डलगढ़ दुर्ग पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे, जिसमें स्कूली बच्चे प्रस्तुति देंगे और चयनित प्रतिभाओं को 15 अगस्त को सम्मानित किया जाएगा।

बैठक में डीएसपी बाबूलाल विश्नोई,



तहसीलदार बसंत कुमार पांडे, बीएमओ डॉ. गोपाल यादव, डॉ. ज्ञानेंद्र गोयल, एईएन लेखराज जांगिड़, राजेश गुर्जर, यशवंत साहू, राजेन्द्र धाकड़ सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे।

# शिक्षकों की मांगों को लेकर संघ सक्रिय, भीलवाड़ा जिले में विभिन्न स्थानों पर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपे


भीलवाड़ा : उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन देते शिक्षक


कोटड़ी: उपखंड अधिकारी को समस्याओं से अवगत कराते शिक्षक



बिजौलिया : एसडीएम को ज्ञापन देते शिक्षक



जहाजपुर : शिक्षकों ने दिया ज्ञापन

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) द्वारा शिक्षकों की वर्षों से लंबित मांगों को लेकर प्रदेशव्यापी ज्ञापन अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में भीलवाड़ा जिला मुख्यालय , जिले के कोटड़ी, बिजौलिया और जहाजपुर में शिक्षकों ने उपखंड अधिकारियों के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के त्वरित समाधान की मांग की। मुख्य मांगों में स्थानांतरण पर से प्रतिबंध हटाना, सभी स्तरों की पदोन्नतियों को शीघ्र पूर्ण करना, स्कूलों में रिक्त पद भरना, शिक्षकों को गैर-शैक्षणिक कार्यों से मुक्त करना और वेतन विसंगतियों को दूर करना शामिल हैं। जिले भर में आंदोलन की शुरुआत मुख्यालय भीलवाड़ा से हुई, जहां संघ की प्रदेश महिला उपाध्यक्ष सुषमा बिश्नोई और जिलाध्यक्ष रामप्रसाद माणय्या के नेतृत्व में उपखंड अधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान जिला मंत्री सुरेश बड़वा ने बताया कि वार्ताओं के कई दौर चलने के बावजूद शिक्षकों की मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं आया, जिससे आज मजबूरन आंदोलन की शुरुआत करनी पड़ी। इस दौरान विनोद झंवर, बसंत पोरवाल, अनूप सिंह, राजेन्द्र शर्मा, अजीत सिंह, नीता रावत, कल्पना जैन सहित कई शिक्षक मौजूद रहे।

**कोटड़ी ( राजेन्द्र बबलू पोखरना)** - शिक्षक संघ की उपशाखा ने अध्यक्ष दुर्गा शंकर शर्मा के नेतृत्व में उपखंड अधिकारी तानिया रिणवा को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि विभागीय स्थानांतरण पर से प्रतिबंध हटाया जाए तथा शिक्षकों की लंबित पदोन्नतियों की समयबद्ध प्रक्रिया चलाई जाए। संघ ने मांग की कि रिक्त पदों की शीघ्र पूर्ति की जाए और शिक्षकों को ऐसे गैर-शैक्षणिक कार्यों से मुक्त किया जाए जो शिक्षा व्यवस्था से संबंधित नहीं हैं। इस अवसर पर शांति लाल पोखरना, पुष्पेंद्र काबरा, भगवान गुर्जर, हनुमान सिंह, महेन्द्र शर्मा सहित बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

**बिजौलिया ( मानव तिवाड़ी)** शिक्षक संघ की उपशाखा ने उपखंड अधिकारी अजीत सिंह राठौड़ को ज्ञापन सौंपा। संघ ने मांग की कि स्थानांतरण प्रक्रिया शुरू की जाए, सभी स्तरों की पदोन्नतियों में देरी समाप्त हो, और शिक्षकों को वेतन विसंगतियों से राहत मिले। इसके अतिरिक्त विद्यालयों में शिक्षकों की भारी कमी को दूर करने और शिक्षकों से गैर-शैक्षणिक कार्य नहीं लेने की भी मांग की गई। ज्ञापन देने वालों में कैलाश चंद्र सुथार, प्रवीण, गोपाललाल धाकड़, नेहा अग्रवाल, राजेश लांबा सहित अनेक शिक्षक मौजूद रहे।

**जहाजपुर ( दिनेश टांक )** शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) की ओर से उपखंड अधिकारी राजकेश मीणा को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में मांग की गई कि शिक्षा विभाग के समस्त संवर्गों के स्थानांतरण पर से प्रतिबंध हटाकर प्रक्रिया शुरू की जाए, तृतीय श्रेणी शिक्षकों की पदोन्नति पर निर्णय लिया जाए और वेतन विसंगतियों को दूर किया जाए। संघ ने स्पष्ट किया कि यदि सरकार समय रहते समस्याओं का समाधान नहीं करती तो संगठन को आंदोलन की राह अपनानी पड़ेगी।

# सावर में शिक्षकों का प्रदर्शन, मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**भीलवाड़ा फोकस @ सावर**

**(दिलखुश मोटिस )**। राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) की सावर उपशाखा ने गुरुवार को उपखंड कार्यालय पहुंचकर शिक्षकों की समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में स्थानांतरण प्रक्रिया, पदस्थापन, वेतन विसंगति, कार्यभार ग्रहण, रिक्त पदों की भर्ती व गैर-शैक्षणिक कार्यों से मुक्ति जैसी माँगों को प्रमुखता से उठाया गया।
संघ पदाधिकारियों ने चेताया कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो प्रदेशभर में व्यापक आंदोलन किया जाएगा



# 15 अगस्त पर राजस्थान में तिरंगे का जिम्माः 23 जिलों में मंत्री करेंगे ध्वजारोहण, भीलवाड़ा में कलेक्टर फहराएंगे तिरंगा

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर**

**डॉ. चेतन ठठेरा**

देश की आज़ादी का 79वां स्वाधीनता दिवस 15 अगस्त को पूरे हर्ष और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। राजस्थान में इस राष्ट्रीय पर्व की तैयारियां ज़ोरों पर हैं। इस बार राज्य सरकार ने समारोह को और अधिक गरिमामय बनाने के लिए विशेष व्यवस्था की है, जिसके तहत प्रदेश के 23 जिलों में मंत्रिमंडल के सदस्य ध्वजारोहण करेंगे, जबकि भीलवाड़ा सहित 17 शेष जिलों में कलेक्टर राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे।
सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार जयपुर में उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, कोटपूतली-बहरोड़ में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, सवाईमाधोपुर में कृषि मंत्री किरोड़ीलाल मीणा, फलौदी में गजेंद्र सिंह, दौसा में कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़, कोटा में मदन दिलावर, टोंक में कन्हैयालाल, अजमेर में सुरेश सिंह रावत, ब्यावर में अविनाश गहलोत, बीकानेर में सुमित गोदारा, पाली में जोराराम कुमावत, उदयपुर में



बाबूलाल खराड़ी, प्रतापगढ़ में हेमंत मीणा, अलवर में संजय शर्मा, चित्तौड़गढ़ में गौतम कुमार, सीकर में झाबर सिंह खर्रा, भरतपुर में हीरालाल नागर, सिरोही में ओटाराम देवासी, नागौर में मंजू बाघमार, डीडवाना-कुचामन में विजय सिंह, बाड़मेर में के.के. विश्नोई, डीग में जवाहर सिंह बेढम और जालौर में जोगेश्वर गर्ग तिरंगा फहराएंगे।
वहीं, भीलवाड़ा समेत श्रीगंगानगर ,हनुमानगढ़, धौलपुर, करौली, जैसलमेर, झुंझुनू,चूरू, बूंदी, बारां, झालावाड़, बांसवाड़ा, डूंगरपुर, राजसमंद, भीलवाड़ा, बालोतरा,सलूंबर और खैरथल-तिजारा में जिला कलेक्टर ध्वजारोहण करेंगे और समारोह का नेतृत्व करेंगे।

## QUICK BITES

### नर्मदेश्वर महादेव का किया गया जलाभिषेक

**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला**



**(रमेश चंद्र डाड)**। कस्बे के महेश सेवा संस्थान स्थित नर्मदेश्वर महादेव का गुरुवार को सावन मास के अवसर पर विधिवत जलाभिषेक किया गया। पंडित हनुमान राजस्थला ने बताया कि नुवाल परिवार द्वारा श्रद्धा भाव के साथ भगवान नर्मदेश्वर महादेव का जलाभिषेक कर वेद मंत्रों का जाप किया गया और क्षेत्र व परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की गई। इस अवसर पर प्रहलाद नुवाल, रमेश चंद्र नुवाल, जगदीश चंद्र नुवाल, शिव नारायण काबरा, दीपक नुवाल, पुलकित नुवाल, अर्पित नुवाल, हिमांशु नुवाल, त्रिशान नुवाल, ओम राजस्थला व आदित्य राजस्थला उपस्थित रहे।

### गुरुजी की पुण्यतिथि पर निःशुल्क एक्यूप्रेशर चिकित्सा शिविर शुरू

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलियां**

**मानव तिवाड़ी**

स्व. जगदीशचंद्र गुरुजी की तृतीय पुण्यतिथि पर रोडवेज बस स्टैंड स्थित राजभवानी वाटिका में 5 दिवसीय निःशुल्क एक्यूप्रेशर चिकित्सा शिविर शुरू हुआ। शिविर 7 से 11 अगस्त तक चलेगा, जिसमें सुबह 8 से 12 और दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक डॉ. रामलाल चौधरी सेवाएं दे रहे हैं। शिविर में दमा, मोटापा, कब्ज, साइटिका, लकवा, गठिया आदि बीमारियों का उपचार बिना दवा किया जा रहा है।



### शाहपुरा में संस्कृत दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**




श्री रामस्नेही वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय में संस्कृत दिवस पर विविध कार्यक्रम आयोजित हुए। विद्यार्थियों ने गिनती, पहाड़े, नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। मुख्य वक्ता संत रामजस ने संस्कृत की प्राचीनता और सरलता पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि रामबक्ष दाखेड़ा व विशिष्ट अतिथि ओम कुमावत रहे। कार्यक्रम का संचालन दीपक सेन ने किया, प्रधानाचार्य परमेश्वर सुधार ने सभी का आभार जताया। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ सहित गणमान्यजन मौजूद रहे।

'भीलवाड़ा फोकस'
अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।
Mo.– 8696795959
Bhilwarafocus@gmail.com
BHILWARA Focus
भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कम्प्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।